# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

# SAMPLE PAPER

**HALF YEARLY EXAM    SESSION 20225 – 26**

**TIME: 3 HRS    CLASS – VI    SUBJECT : HINDI    M.M:80**

**खंड– क (पठन)** **[15]**

**(1) दिए गए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :–** **(10)**

नदियों की हमारे जीवन में बहुत उपयोगिता है। इनके द्वारा लाई गई उपजाऊ मिट्टी से बने हमारे खेतों में हरी-भरी फ़सलें लहलहाती हैं। इनके ऊपर बनाए गए बाँधों से निकली नहरों से खेतों को पानी मिलता है। बाँध के निकट बने 'पावर हाउस' में बिजली बनाई जाती है। आज चाहे गाँव हो या नगर, दोनों के लिए बिजली जरूरी है। बिजली के बिना तो जैसे जीवन सूना है। नदियों से मानव का बड़ा अटूट संबंध रहा है। आज भी बहुत-से नगर नदी के किनारे पर बसे हैं। दुर्भाग्य की बात है कि हम मनुष्यों ने इस गहरे संबंध को भुलाकर नदियों के जल को बुरी तरह प्रदूषित कर दिया है। नदियों को जितना कष्ट मनुष्य ने दिया है, उतना किसी अन्य जीव ने नहीं। अच्छा हो, अगर मनुष्य नदियों के महत्व को समझकर उनकी भलाई के बारे में सोचें और कई ऐसे कार्य छोड़ दें, जिनसे इनका दम घुटता है।

**लघूत्तरीय प्रश्न**

(क) नदियों की हमारी जीवन में क्या उपयोगिता है?
(ख) नदियों का और बिजली का आपस में क्या संबंध है?
(ग) किस बात से पता चलता है कि मानव और नदियों का बहुत गहरा व अटूट संबंध है?
(घ) 'पावर हाउस' क्या है? इससे हमें क्या लाभ होता है?
(ङ) गद्यांश के अनुसार दुर्भाग्य की बात क्या है?

**(2) दिए गए पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :–** **(5)**

देश हमारा सबसे प्यारा
ऊँची इसकी शान है।
ऊँचे-पर्वत बहती नदियाँ
सब देशों में महान है।

हिमगिरि इसका मुकुट सुशोभित
सागर चरण पखार रहा।
हर मौसम आता खुशियाँ ले
इसका रूप सँवार रहा।

**प्रश्न 1. हिमगिरि किसका मुकुट है?**
**प्रश्न 2. प्रत्येक मौसम कैसे और किसका रूप सँवारता है?**
**प्रश्न 3. 'सुशोभित' शब्द में उपसर्ग क्या है–**
**प्रश्न 4. 'मुकुट' का पर्याय क्या है?**
**प्रश्न 5. उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।**

**खंड– ख (व्याकरण)** **[20]**

**(3) बहुवचन रूप लिखिए :–** **(3x1=3)**
(क) पतंग    (ख) नदी    (ग) लता

**(4) निम्नलिखित प्रत्ययों का प्रयोग करके दो शब्द बनाए:–** **(2x1=2)**
(क) पा    (ख) आहट

**(5) निम्नलिखित उपसर्ग का प्रयोग करके दो शब्द बनाए :–** **(2x1=2)**
(क) अभि    (ख) अन्

**(6) लिंग बदलकर लिखिए:–** **(3x1=3)**
(क) सेवक    (ख) कवि    (ग) नायक

**(7) दिए गए शब्दों में संज्ञा के सही भेद में (√) निशान लगाओ :–** **(2x1=2)**
(क) स्कूल    (1) भाववाचक ☐    (2) जातिवाचक ☐
(ख) सुंदरता    (1) व्यक्तिवाचक ☐    (2) भाववाचक ☐

**(8) अनेकार्थक शब्द :–** **(3x1=3)**
(क) अंक    (ख) आम    (ग) कल

**(9) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए :–** **(3x1=3)**

**(क)** सूखा **(ख)** चमकीला **(ग)बचपन**

**(10) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से खाली जगह भरिए :–** **(2x1=2)**

**(क)** ______ आभूषण पहनती है। ( स्त्री / पुरूष) **(ख)**______ आ रही है। (बस / ट्रक)

**<u>खंड– ग</u> (पाठ्य – पुस्तिका)** **[30]**

**(11) अति लघु उत्तर लिखिए :–** **(4x1=4)**

**(क)** जन – मन के जीवन में कवि ने क्या भरने के लिए कहा है ?
**(ख)** कवि ने बौर को कैसे सराहा ?
**(ग)** सामहिक नृत्य किसे कहते है ?
**(घ)** नगरी का नाम सुनकर गोबर्धन दास ने क्या कविता बनाई ?

**(12) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :–** **(7x2=14)**

**(क)** यहाँ नही कोई आया है ले विशेष वरादान । इस पंक्ति से क्या तात्पर्य है ?
**(ख)** महाराज के दरबार में फ़रियादी क्या फ़रियाद लेकर आया था ?
**(ग)** शशांक ने 18 मार्च को किस – किस विषय में जानकारी प्राप्त की ?
**(घ)** फूजि पर्वत की विशेषताएँ लिखिए ।
**(ड)** मानव ने सभी के साथ कैसा व्यवहार किया और क्यों ?
**(च)** कविता में कवि ने कहाँ – कहाँ पर नएपन के दर्शाया है ?
**(छ)** गुरू जी ने अपने शिष्य को संकट की घड़ी से किस प्रकार निकाला ?

**(13) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–** **(5x2=10)**

**(क)** महंत जी अँधेर नगरी में एक मिनट भी क्यों नही रूके और गोवर्धन दास वहीं क्यों रह गया ?
**(ख)** 'भूल गया है क्यों इंसान' कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखिए ।
**(ग)** पाठ के आधार पर जापान की यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

**(14) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर में (√) निशान लगाइए ।** **(2x1=2)**

**(क) गोवर्धन दास को फाँसी लग रही थी क्योंकि –**

**(1)** वह मिठाई खा रहा था । **(2)** वह चोर था । **(3)** वह मोटा था

**(ख) जापान के लोगों की बहुमूल्य धरोहर क्या है ?**

**(1)** पाश्चात्य शैली **(2)** सभ्यता **(3)** पारंपरिक संस्कृति

**<u>खंड– ड</u> (लेखन)** **[15]**

**(15)** स्कूल की तरफ़ से अपने मित्रों के साथ पिकनिक जाने पर डायरी लिखें। (8)

**अथवा**

परीक्षा में कम अंक आने पर डायरी लिखें।

**(16) दिए गए चित्र को देखकर 20 – 30 शब्दों में चित्र वर्णन करें।** (7)

